आकाशवाणी श्री विजयपुरम

16.01.2025 समय : 1850

- सरकार ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की।
- अंडमान निकोबार चुनाव आयोग ने पंचायत समिति उप–चुनावों के परिणाम घोषित किए।
- अंडमान और निकोबार पुलिस ने आज तिहत्तरवां स्थापना दिवस मनाया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कृषि विभाग से मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की।
- भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आवासीय योजना में एथलीटों के प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

सरकार ने आज केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल दो हजार छब्बीस में समाप्त होने वाला है और अभी आठवें वेतन आयोग के गठन से वेतन पैनल की सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उन्नीस जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अट्ठारहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं– 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चुनाव आयोग ने आज पंचायत समिति उप–चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। पंचायत समिति डिगलीपुर के अंतर्गत पश्चिम सागर निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार सुमांता बिश्वास, नबाग्राम ग्राम पंचायत डिगलीपुर के अंतर्गत नबाग्राम–एक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार देवराज पेनिका और फरारगंज तहसील के होपटाउन ग्राम पंचायत के अंतर्गत होपटाउन–एक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार फ्रैंकली विजयी रहे।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार पुलिस ने आज तिहत्तरवां स्थापना दिवस मनाया। पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन, अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ; रियर एडमिरल बिप्लब होता समेत प्रशासन और कमान के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत एक प्रभावशाली औपचारिक परेड के साथ हुई, जिसमें पुलिस, आईआरबीएन, अग्निशमन सेवा, डॉग स्क्वायड और अंडमान निकोबार पुलिस ब्रास बैंड और महिला पाइप बैंड की टुकड़ियों ने भाग लिया। परेड के बाद कई आकर्षक प्रदर्शन हुए, जिनमें रिक्रूट कांस्टेबलों द्वारा प्रभावशाली राइफल प्रदर्शन, आईआरबीएन द्वारा गतिशील कमांडो प्रदर्शन, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन और पुलिस मरीन फोर्स की झांकी शामिल थी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उनतालीस कर्मियों को डीजीपी प्रशंसा डिस्क प्रदान

की गईं। अपने संबोधन में पुलिस महानिदेशक ने द्वीप समूह के लोगों और अंडमान एवं निकोबार पुलिस के सदस्यों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कानून और व्यवस्था बनाए रखने, निवासियों और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सांप्रदायिक सद्भाव और न्याय को बनाए रखने में विभाग के अटूट प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने कृषि विभाग से मुद्दों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। कृषि निदेशालय के कांफ्रेंस हॉल में कल हुई इस बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। श्री रे ने इस बैठक में कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के कियान्वयन की विस्तार से जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने फसलों में लगने वाले कीटों के प्रबंधन, डीएपी और यूरिया उवर्रकों की आपूर्ति, किसानों के लिए सिंचाई की सुविधाओं समेत कई अन्य विषयों पर विस्तार से मंथन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय फलदार वृक्षों का संरक्षण किया जाना जरूरी है। साथ ही फलों की स्थानीय किस्मों का बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

<><><><><><>

आज भारत स्टार्टअप इंडिया की नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है। इस परिवर्तनकारी पहल ने पिछले नौ वर्षों में अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियों ने 'कारोबारी सुगमता' पर ध्यान केंद्रित किया है, संसाधनों तक अधिक पहुंच सुनिश्चित की है और हर मोड़ पर स्टार्टअप का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम की सफलता दर्शाती है कि आज देश गतिशील, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार है। देश ने स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया, तो देश के युवाओं ने दिखा दिया कि वो क्या कुछ कर सकते हैं। आज भारत दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम है।

<><><><><><>

नेहरू युवा केन्द्र संगठन की ओर से आज श्री विजयपुरम के डाइट में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकम में करीब सौ युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें से बीस युवाओं ने स्वरचित कविताओं का वाचन किया। इन कविताओं का विषय विकसित भारत था, जो स्वामी विवेकानन्द के दर्शन पर आधारित था। कार्यकम में डॉ. कवी मलार ने भी विशेष संबोधन दिया। उन्होंने अपने प्रेरक विचारों से युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर आधारित भारत निर्माण के प्रति प्रेरित किया। काव्य प्रस्तुति सत्र में प्रतिभागी युवाओं ने स्वामी विवेकानन्द के विचारों से प्रेरित अपनी रचनाओं के माध्यम से एक विकसित भारत की कल्पना प्रस्तृत की। उनकी कविताओं में देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और एक उज्जवल भविष्य की झलक दिखाई दी।

<><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन आगामी वर्षों में देश के महत्वकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि को अविश्वसनीय बताया है। डॉक्टर सिंह ने कहा कि यह पूरी तरह से स्वदेशी

भारतीय डॉकिंग प्रणाली है। यह प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान–4 और गगनयान सहित भविष्य के महत्वकांक्षी मिशनों के निर्बाध संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**<><><><><><><>**

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से आवासीय योजना में एथलीटों के प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। अट्ठारह जनवरी को सुबह नौ बजे से लिटिल अंडमान के मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हटबे में आयोजित ट्रायल में दस से चौदह वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। यह चयन ट्रायल कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग के लिए किया जाएगा। अगले सप्ताह, इसी तरह के चयन ट्रायल ननकौड़ी द्वीपसमूह में भी आयोजित किए जाएंगे। चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक बच्चों को जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए साई के मेल या इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**